उत्तर प्रदेश सरकार
उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड
19 सी, तुलसी गंगा कॉम्पलेक्स, विधानसभा मार्ग,
लखनऊ, उत्तर प्रदेश–226001

<u>महत्वपूर्ण सूचना</u>

उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा आयोजित परीक्षाओं में अनाचार (MALPRACTICES) के सम्बन्ध में चेतावनी

संख्या–पीआरपीबी–बी–मिस–4/2024 दिनांकः मार्च, 05, 2026

1. उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा अभ्यर्थियों और अन्य हितधारकों को सूचित किया जाता है कि कोई भी व्यक्ति जो परीक्षा सामग्री या उसकी किसी भी जानकारी को किसी भी रूप में (मौखिक या लिखित, इलेक्ट्रॉनिक या यांत्रिक माध्यम से) प्रकाशित, पुनरुत्पादित, प्रसारित, संग्रहीत या साझा करते हुए पाया जाता है, या परीक्षा केंद्र में प्राप्त करायी गयी मूल ओ0एम0आर0 शीट को ले जाते हुए पाया जाता है, या परीक्षा सामग्री को अनाधिकृत रूप से कब्जे में रखे हुए पाया जाता है, तो यह गंभीर अनाचार माना जाएगा और ऐसे अभ्यर्थी को परीक्षा से अयोग्य/निष्कासित कर दिया जाएगा एवं सम्बन्धित व्यक्ति के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी।

2. उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड के संज्ञान में आया है कि कुछ लोग सोशल मीडिया जैसे यूट्यूब, ट्विटर, फेसबुक आदि के माध्यम से उपरोक्त गतिविधियों में लगे हुए हैं। ऐसे अभ्यर्थियों या इसमें शामिल व्यक्ति/व्यक्तियों के खिलाफ नियमों के अनुसार अनुशासनात्मक और वैधानिक कार्यवाही की जाएगी ।

(सत्यार्थ अनिरुद्ध पंकज)
अपर सचिव, भर्ती/परीक्षा नियंत्रक,
उ0प्र0पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड,
लखनऊ।